भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 776

गुरूवार, 8 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में प्रतिष्ठित पर्यटक स्थल

776 डा. सस्मित पात्रा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने ओडिशा में प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों की पहचान की है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या मंत्रालय को ओडिशा राज्य के प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों को शामिल करने के लिए ओडिशा राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(ग) पहचान किए गए प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों के लिए मंत्रालय द्वारा अपनाए गए चयन मानदंड का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन गंतव्यों का विकास मुख्य रूप से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है तथापि पर्यटन मंत्रालय इन्हें वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके प्रयासों को सम्पूरित करता है। पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है। एसडी 2.0 के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य सरकारें/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन विविध मापदण्ड़ों के आधार पर विभिन्न गंतव्यों की पर्यटन क्षमता का विश्लेषण कर राज्य परिप्रेक्ष्य योजना तैयार करते हैं और पर्यटन मंत्रालय दिशा-निर्देशों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विकास के लिए गंतव्य का चयन करता है। मंत्रालय ने ओडिशा में 'खिंदा गाँव' के मुख्य आकर्षण सहित कोरापुट और डेबरीगढ़ को शामिल करते हुए एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए देश के 57 गंतव्यों को अधिसूचित किया है।

****